अल्लाह के रसूल -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने लोगों को आदेश दिया कि लड़के की ओर से एक जैसी दो बकरियाँ ज़बह करें तथा लड़की की ओर से एक बकरी।

आइशा (रज़ियल्लाहु अन्हा) से रिवायत है कि अल्लाह के रसूल -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम-
ने लोगों को आदेश दिया कि लड़के की ओर से एक जैसी दो बकरियाँ ज़बह करें तथा लड़की की
ओर से एक बकरी।
[सह़ीह़] [इसे तिर्मिज़ी ने रिवायत किया है। - इसे अह़मद ने रिवायत किया है।]

इस हदीस में आइशा -रज़ियल्लाहु अनहा- बता रही हैं कि अल्लाह के नबी -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने उन्हें आदेश दिया है कि संतान जन्म लेते समय बच्चे की ओर से आयु, वज़न एवं ‏ श्रेष्ठता में दो समान बकरियाँ ज़बह करें। इसी तरह बच्ची की ओर से एक बकरी ज़बह करें।

http://www.sunnah.global/hadeeth/hi/show/64667